अमर उजाला 24/11/2024

# बाल विवाह के खिलाफ किया सजग

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई से निपटने और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कॉलेज परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक वर्ग के सदस्यों के साथ कॉलेज के लगभग 100 से भी अधिक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बाल विवाह उन्मूलन में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। संवाद